Postal Reg. No.GDP -45/2020-2022

अल्लाह तआला का आदेश

يٰٓاَيُّهَا الَّذِيْنَ اٰمَنُوْا لَا تَتَّخِذُوا الَّذِيْنَ اتَّخَذُوْا دِيْنَكُمْ هُزُوًا وَّلَعِبًا مِّنَ الَّذِيْنَ اُوْتُوا الْكِتٰبَ مِنْ قَبْلِكُمْ وَالْكُفَّارَ اَوْلِيَآءَ وَاتَّقُوا اللّٰهَ اِنْ كُنْتُمْ مُّؤْمِنِيْنَ

(सूरत अन्निसा आयत : 174)

अनुवाद :हे वे लोगो जो ईमान लाए हो। उन लोगों में से जिन्हें तुम से पहले किताब दी गई उनको जिन्होंने तुम्हारे दीन को हंसी ठट्ठाऔर खेल तमाशा बना रखा है और कुफ़्फ़ार को अपना दोस्त न बनाओ और अल्लाह से डरो यदि तुम मोमिन हो।

بِسۡمِ اللّٰہِ الرَّحۡمٰنِ الرَّحِیۡمِ نَحۡمَدُہٗ وَنُصَلِّیۡ عَلٰی رَسُوۡلِہِ الۡکَرِیۡمِ وَعَلٰی عَبۡدِہِ الۡمَسِیۡحِ الۡمَوۡعُوۡد

وَلَقَدۡ نَصَرَکُمُ اللّٰہُ بِبَدۡرٍ وَّاَنۡتُمۡ اَذِلَّۃٌ

वर्ष- 6
अंक- 49

साप्ताहिक क़ादियान

बदर

Weekly BADAR Qadian HINDI

मूल्य 575 रुपए वार्षिक

संपादक
शेख़ मुजाहिद अहमद

उप संपादक
सय्यद मुहियुद्दीन फ़रीद

4 जमादी अलअव्वल 1443 हिज्री कमरी 9 फतह 1400 हिज्री शम्सी 9 दिसम्बर 2021 ई.

अख़बार-ए-अहमदिया

रूहानी ख़लीफ़ा इमाम जमाअत अहमदिया हज़रत मिर्ज़ा मसरूर अहमद साहिब ख़लीफ़तुल मसीह ख़ामिस अय्यदहुल्लाह तआला बिनस्रिहिल अज़ीज सकुशल हैं। अलहम्दो लिल्लाह। अल्लाह तआला हुज़ूर को सेहत तथा सलामती से रखे तथा प्रत्येक क्षण आप पर अपना फ़जल नाज़िल करता रहे। आमीन

आंहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम की नसीहतें

हज्र-ए-असवद को चूमना

(1597)हज़रत उम्र रज़ी अल्लाह तआला अन्हो से रिवायत है कि वह हज्रे असवद के पास आए और उस को चूमा और कहा : मैं ख़ूब जानता हूँ कि तो एक पत्थर ही है , न नुक़्सान दे सकता है न लाभ और अगर मैं ने नबी सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम को तुझे चूमते न देखा होता तो तुझे हरगिज़ न चूमता।

हज़रत सय्यद ज़ैनुल आबेदीन वली उल्लाह शाह साहिब रज़ि अल्लाह हदीस की व्याख्या में फ़रमाते हैं: मुशरिक क़ौम अरब तथा अन्य संसार घड़े हुए पत्थरों की पूजा करते थे और उन्हें लाभ तथा हानि का मालिक समझते थे। हज़रत उमर रज़ि अल्लाह ने उनके मुशरिकाना ख़्याल का रद्द फ़रमाया है ताकि मुस्लमानों में से अनभिज्ञ लोगों को इस पत्थर के बारे में कोई ग़लतफ़हमी न हो। इबादत में प्रशंसा तथा तारीफ़ , विनय, अशा तथा निराशा और दुआ होती है और इन बातों में से किसी एक बात का भी हज्र असवद के चूमने या छूने से हरगिज़ कोई सम्बन्ध नहीं और न हज्र असवद तक़बील (चूमने) और इस्तिलाम (छूने) से विशेष है बल्कि कई रिवायतों से मालूम होता है कि रुकन यमानी भी चूमा जाता था।

(सही बुख़ारी , भाग 3 किताबुल हज्ज, प्रकाशन 2008 ई कादियान)

ईमान जब इन्सान के अंदर पैदा होता है तो कर्मों में एक लज़्ज़त पैदा हो जाती है। इस की मार्फ़त की आँख खुल जाती है। वह नमाज़ पढ़ता है,जो नमाज़ पढ़ने का हक़ है। गुनाहों से उसे विरक्तता पैदा होती है। नापाक मज्लिसों से नफ़रत करता है।

उपदेश सय्यदना हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम

कर्म ईमान का ज़ेवर है

इस प्रकार की घटनाएं डरातू हैं। अपने ईमान का वज़न करो। कर्म ईमान का ज़ेवर है। यदि व्यावहारिक हालत ठीक नहीं है तो हक़ीक़त में ईमान भी नहीं है। मोमिन हसीन होता है। जैसे एक ख़ूबसूरत को मामूली और हल्का सा कड़ा भी पहना दिया जाए तो वह उसे ज़्यादा ख़ूबसूरत बना देता है। इसी तरह पर ईमानदार को कर्म और भी ख़ूबसूरत दिखाता है और यदि बुरा कर्म है तो कुछ भी नहीं। हक़ीक़ी ईमान जब इन्सान के अंदर पैदा होता है तो कर्मों में एक लज़्ज़त पैदा हो जाती है। इस की मार्फ़त की आँख खुल जाती है। वह नमाज़ पढ़ता है,जो नमाज़ पढ़ने का हक़ है। गुनाहों से उसे विरक्तता पैदा होती है। नापाक मज्लिसों से नफ़रत करता है। अल्लाह तआला और उसके रसूल की महानता और प्रताप के ज़ाहिर करने के लिए अपने दिल में एक जोश और तड़प देखता है। वही ईमान उसे मसीह की तरह सलीब पर चढ़ाने से नहीं रोकता। वह ख़ुदा के लिए हाँ ख़ुदा ही के लिए इब्राहीम अलैहिस्सलाम की तरह आग में भी पड़ जाने पर राज़ी होता है। जब वह अपनी रज़ा को अल्लाह तआला की रज़ा के अधीन कर देता है तो फिर अल्लाह तआला जो दिलों के भेद को जानने वाला है, उस का मुहाफ़िज़ और निगरान हो जाता है। वह सलीब पर से भी ज़िन्दा उतार लेता है और आग में से भी सही सलामत निकाल लेता है। इन चमत्कारों को वही देखते हैं जो ख़ुदा तआला पर पूरा ईमान रखतें हैं।

अत: अबूबकर सिद्दीक़ रज़ि की सच्चाई इस आग के वक़्त ज़ाहिर हुआ जब आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम का घेराव किया गया। यद्यपि कई की राय निकालने की भी थी परन्तु असल क़तल ही था। ऐसी हालत में हज़रत अबू बकर सिद्दीक़ ने अपने सिदक़ तथा वफ़ा का वह नमूना दिखाया जो सदैव के लिए नमूना रहेगा। इस मुसीबत की

शेष पृष्ठ 9 पर

लोगों में जो जि

लाए थे वे इन्सान ही थे।

सय्यदना हज़रत मुस्लेह मौऊद रज़ी अल्लाह अन्हो सूरत अल-हिजर आयत 100 وَاعْبُدْ رَبَّكَ حَتّٰى يَاْتِيَكَ الْيَقِيْنُ की तफ़सीर में फ़रमाते हैं : यक़ीन के अर्थ इस जगह पर मौत के हैं। फ़रमाता है कि अब तू मौत तक हमारी इबादत में लगा रह। अर्थात इस्लाम को जो तरक़्क़ी मिलेगी इस में अब कोई बाधा नहीं पड़ेगी और तू सन्तोष के साथ अपनी मौत तक खुले बंदों अल्लाह तआला की इबादत कर सकेगा और ये लोग इस वक़्त जो तेरी इबादात में रोकें डालते हैं उनको ख़ुदा तआला इस तरह मिटा देगा कि तेरी सारी ज़िन्दगी इबादत की आज़ादी की दृष्टि से आराम में गुज़रेगी।

यक़ीन के प्रसिद्ध अर्थ भी इस जगह हो सकते हैं और इस अवस्था में यह अर्थ होंगे कि जिस साअत का वादा है इसके आने तक खासतौर पर इबादत में लीन रहो मानो अज़ाब या साइत के चिन्ह ज़ाहिर होने का नाम यक़ीन रखा क्योंकि जब तक वादा पूरा न हो उस की पूरी हक़ीक़त ज़ाहिर नहीं होती। अत: फ़रमाया कि जब अल्लाह तआला की तरफ़ से वादा हो तो खासतौर पर दुआ और इबादत में लग जाना चाहिए ताकि वह वादा हर किस्म की ख़ैर के साथ पूरा हो।

इसके यह अर्थ नहीं कि दूसरे दिनों में इबादत छोड़ सकता है क्योंकि जब यह आयत नाज़िल हुई उस वक़्त भी रसूल करीम सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम इबादत करते थे। अर्थ इस के अर्थ मामूल से ज़्यादा इबादत और ध्यान के हैं।

कुछ अज्ञान बिद्दअती इस आयत के यह अर्थ करते हैं कि जब तक यक़ीन प्राप्त न हो इबादत फ़र्ज़ है जब यक़ीन प्राप्त हो जाए तो फिर नहीं क्योंकि अल्लाह तआला फ़रमाता है "यक़ीन के प्राप्त होने तक इबादत कर" यह नादान नहीं जानते कि इस तरह वह मुहम्मद रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम पर हमला करते हैं और मानो यह कहते हैं कि इस सूरत के उतरने तक आप को पूर्ण यक़ीन प्राप्त न हुआ था। अगर मुहम्मद रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम को नबुव्वत के

शेष पृष्ठ 9 पर

जमील अहमद नासिर प्रिंटर एवं पब्लिशर ने फ़ज़्ल-ए-उमर प्रिंटिंग प्रेस क़ादियान में छपवा कर दफ़्तर अख़बार बदर से प्रकाशित किया। प्रौपराइटर - निगरान बदर बोर्ड क़ादियान

प्रश्न उत्तर

सय्यदना हज़रत अमीरुल मौमिनीनन हज़रत मिर्ज़ा मसरूर अहमद साहिब ख़लीफ़तुल मसीह अय्यदहुल्लाहु तआला बिनस्त्रिहिल अज़ीज़ से पूछे जाने वाले महत्वपूर्ण प्रश्नों के उत्तर (भाग-12)

हुकूमती बैंक अपने सरमाया को कल्याणकारी कामों पर लगाते हैं जिसके परिणाम में देश में रहने वालों की सहूलतों के लिए विभिन्न योजनाएं बनाई जाती हैं, अर्थव्यवस्था में तरक़्क़ी होती है और देश के लोगों के लिए रोज़गार के अवसर पैदा होते हैं, इसलिए ऐसे बैंकों से मिलने वाले लाभ को ज़ाती इस्तिमाल में लाया जा सकता है

हर मुरब्बी और मुअल्लिम यह अह्द करे कि उसने डरते डरते दिन गुज़र करना है और तक़्वा से रात व्यतीत करनी है और अहमदियत का सन्देश पहुंचाने की जो ज़िम्मेदारी उस पर डाली गई है, इस को एक विशेष जोश और से देश के कोने कोने में फैलाना है, अपने अंदर सादगी पैदा करनी है, जो भी थोड़ा बहुत गुज़ारा मिलता है, और जो भी थोड़ी बहुत सहूलयात मिलती हैं उनको बहुत समझना है, हर मुरब्बी और मुअल्लिम का काम है कि कम से कम एक घंटा तहज्जुद की नमाज़ पढ़े

प्रश्न : मुलाक़ात तिथि 07 नवंबर 2020 ई. में एक और मैंबर आमला ने हुज़ूर अनवर की सेवा में अर्ज़ किया कि हुज़ूर अनवर ने पिछले रोज़ के ख़ुतबा जुमा में तीसरी जंग-ए-अज़ीम का वर्णन फ़रमाया था। यदि यह जंग होती है तो क्या जमाअत अहमदिया के लोगों भी इस की ज़द में आ सकते हैं? हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाहु तआला बिनस्त्रिहिल अज़ीज़ ने इस प्रश्न का निमंलिखित शब्दों में उत्तर अता फ़रमाया। हुज़ूर अनवर ने फ़रमाया :

उत्तर : मिसाल तो यह है नाँ कि आटे के साथ घुन भी पिस्ता है। हम घुन तो नहीं हैं लेकिन जब दुनिया पर असरात होंगे तो अहमदी भी इस की ज़द में आएँगे लेकिन उनकी बहुत मामूली संख्यां होगी। इस्लाम की फ़ुतूहात के लिए जो जंगें हुई थीं, अल्लाह तआला ने भविष्यवाणी की थी कि जंगें तुम जीतोगे और आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम के ज़माना में जंगें जीतते रहे लेकिन क्या सहाबा शहीद नहीं होते रहे? अब बिमारियां आती हैं। इन बिमारियों के लिए निशानात आ रहे हैं, भूकंप आ रहे हैं, तूफ़ान आ रहे हैं। उनमें कई दफ़ा कुछ अहमदियों को भी नुक़्सान पहुंचता है।

यदि हम अल्लाह तआला से सही सम्बन्ध पैदा कर के रखेंगे तो जिस तरह हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम ने फ़रमाया है कि

आग है पर आग से वे सब बचाए जाएँगे।
जोकि रखते हैं ख़ुदाए ज़ुलजलाल से प्यार

यदि हमारा अल्लाह तआला से सम्बन्ध सही होगा और अल्लाह तआला के हुक़ूक़ अदा करने वाले होंगे, उसकी शिक्षा पर अमल करने वाले होंगे, उसके बंदों के हक़ अदा करने वाले होंगे तो फिर अल्लाह तआला हमारे नुक़्सानों को बहुत कम कर देगा। और हमें अल्लाह तआला अपने फ़ज़ल से बचा लेगा, और दुनिया को फिर सबक़ मिलेगा। लेकिन इस से पहले यदि हम यह हक़ अदा कर रहे हैं तो हमें दुनिया को बताना होगा कि इन आफ़ात का कारण और जंग का कारण ख़ुदा से दूरी है और अल्लाह तआला की मख़लूक़ के हक़ अदा नहीं करने हैं। इसलिए तुम लोग सँभल जाओ। जब जंग-ए-अज़ीम ख़त्म होगी तो लोगों को पता होगा कि हाँ एक वर्ग, एक क़ौम, मुस्लमानों का एक फ़िर्क़ा, एक जमाअत हमें यह तलक़ीन किया करती थी, तब उनका ख़ुदा तआला की तरफ़ रुजू पैदा होगा। उस वक़्त वे आपकी तरफ़ आएँगे।

अत: यदि तो हम अपने हक़ अदा कर रहे हैं तो आइन्दा जंग-ए-अज़ीम के बाद जो जमाअत की तरक़्क़ी के निशानात हैं वे हम देखेंगे। और यदि हम हक़ अदा नहीं कर रहे और हमारा भी दुनियादारों की तरह हाल है, दुनिया में डूबे हुए हैं, पाँच वक़्त की नमाज़ों को भूल गए हैं, अल्लाह तआला के हक़ अदा करना भूल गए हैं, लोगों के हक़ अदा करना भूल गए हैं तो फिर हम भी (इस जंग के असरात की ज़द में चले जाएँगे। हमारी कोई गारंटी तो नहीं कि अल्लाह तआला ने ज़मानत दी हुई है कि तुमने बैअत कर ली है तो तुम बच जाओगे। बैअत के साथ शर्तों हैं, वे हम पूरी करेंगे तो बच जाएँगे। इसलिए हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम ने फ़रमाया है कि आग से वे बचाए जाएँगे जब तुम शर्तों पूरी करोगे। अल्लाह तआला से प्यार का प्रकटन केवल ज़बानी नहीं होगा बल्कि अमली प्रकटन होगा। तब तुम बचाए जाओगे।

हज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाहु तआला बिनस्त्रिहिल अज़ीज़ के साथ बंगलादेश के मुरब्बियान तिथि 08 नवंबर 2020 ई. को होने वाली virtual मुलाक़ात में **एक मुरब्बी साहब ने हुज़ूर अनवर की सेवा में अर्ज़ किया कि साधारणत: नौजवान तबक़ा कारोबार या मुलाज़मत के सिलसिले में शहर चला जाता है, जिस से देहाती जमाअतों में कारकुनान और ओहदेदार अहबाब की कमी होती जा रही है, इन हालत में हम क्या कर सकते हैं?** हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाहु तआला बिनस्त्रिहिल अज़ीज़ ने इस का उत्तर अता फ़रमाते हुए फ़रमाया :

उत्तर : यह तो दुनिया का क़ानून है, हर जगह दुनिया में इसी तरह होता है कि जो rural area देहाती एरिया है वहां से urban area में migration होती है, शहरी इलाक़ा में migration होती है। और जहां क़ौमों ने तरक़्क़ी करनी होती है यह natural चीज़ है। छोटे इलाक़े हैं, क़स्बे हैं, गांव हैं उनकी आबादियां तेज़ी से बढ़ रही होती हैं। यदि आबादीयां वहीं रहेंगी और पढ़ लिख के शहर में नहीं आयेंगी तो फिर तरक़्क़ी नहीं हो सकती। यह तो निशानी है इस बात की कि शहरों में तरक़्क़ी के अवसर ज़्यादा हैं और क़ौम तरक़्क़ी कर रही है। या पढ़ाई के अवसर ज़्यादा हैं और वह पढ़ाई करके आगे बढ़ रहे हैं।

हाँ बंग्लादेश में आपकी एक economist थी उसने cottage industry का सिस्टम शुरू किया था कि बजाय बाहर जाने के देहातों में और छोटे कस्बों में cottage industry हो और लोग वहीं काम करें और वहीं उनको investment करने के अवसर मयस्सर आ जाएँ। यदि वैसे कोई अवसर मयस्सर आ जाएं तो बड़ी अच्छी बात है, जमाअत के लोगों को भी इस से फ़ायदा उठाना चाहिए और फिर वहां रह कर काम करना चाहिए। लेकिन जो बहुत ज़्यादा पढ़े लिखे हैं, जिनको शिक्षा हासिल करके फिर आगे बढ़ने के ज़्यादा अवसर मयस्सर आ रहे हैं, उन्होंने तो ज़ाहिर है बाहर जाना है। फिर इस का यही ईलाज है कि जो लोग पीछे रह गए हैं वह अपना काम ज़्यादा से ज़्यादा निभाने की कोशिश करें और बैअतें कराने की कोशिश करें, ज़्यादा तब्लीग़ करें, लोगों को ज़्यादा जमाअत का परिचय करवाएं और जो नौजवान नसल नीचे से उठ रही है, अतफ़ाल में से ख़ुद्दाम में आ रहे हैं उनमें एहसास ज़िम्मेदारी पैदा करें कि वह ज़्यादा से ज़्यादा जमाअत का काम कर सकें।

देखें रोज़गार के लिए उन्होंने बाहर जाना ही जाना है। इसका तरीक़ा यही है कि एक तो उन क्षेत्रों में बैअतें करवाएं, दूसरे जो नई नौजवान नसल है उसकी तर्बीयत इस तरह करें कि वे जमाअत को सँभाल सकें।

(धन्यवाद सहित अख़बार इंटरनैशनल 15 जनवरी 2021 ई.)

एक दोस्त ने हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम के इरशाद कि क़ुरआन-ए-करीम में चूर के हाथ काटने और व्यभिचारी को पत्थरों से मार-मार कर मार डालने करने का स्पष्ट आदेश आया है''के हवाले से लिखा कि "क़ुरआन-ए-करीम में चोर के हाथ काटने का तो वर्णन मौजूद है लेकिन व्यभिचारी को पत्थरों से मार-मार कर मार डालने का किसी आयत में वर्णन नहीं ?इस बारे में मार्गदर्शन की दरख़ास्त है। हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाहु तआला बिनस्त्रिहिल अज़ीज़ ने अपने तिथि 15 अक्तूबर 2018 ई. में इस प्रश्न का निमंलिखित उत्तर अता फ़रमाया :

उत्तर : इस्लामी सज़ाओं के साधारणत: दो पहलू हैं एक अत्यधिक सज़ा और एक निसबतन कम सज़ा। और उन सज़ाओं का बुनियादी उद्देश्य बुराई की रोक-थाम और दूसरों के लिए सबक का सामान करना है। इसलिए हम देखते हैं कि आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम और ख़ुलफ़ाए राशिदीन के मुबारक समय में हर किस्म के चोर को हाथ काटने की सज़ा नहीं दी गई उदाहरणत: खाने पीने की वस्तुओं की चोरी पर कभी हाथ नहीं काटा गया। लेकिन यदि कोई चोर किसी

शेष पृष्ठ 10 पर

ख़ुत्बः जुमअः

ख़ुदा की क़सम मुझे तो यह पसन्द है कि मैं इस तरह नजात पा जाऊं कि लिऐ لَا عَلَيَّ وَلَا لِيَ कि न मुझ पर कुछ अज़ाब हो और न मेरे लिए कोई सवाब जज़ा हो।

आंहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के महान ख़लीफ़ा राशिद फ़ारुके आज़म हज़रत उम्र बिन ख़त्ताब रज़ी अल्लाह तआला अन्हो के प्रशंसनीय गुणों का वर्णन।

हज़रत उमर रज़ि की सीरत से कुछ घटनाएं इसी तरह हज़रत उमर रज़ि के बारे में सहाबा कराम रज़ि और कुछ मुस्तश्रिक़ीन के विचारों का वर्णन।

पाँच मरहूमीन :साहबज़ादी आसिफ़ा मसूदा बेगम साहिबा पत्नी डाक्टर मिर्ज़ा मुबश्शिर अहमद साहिब, मुकर्रमा क्लारा साहिबा पत्नी रोलान साइन बा ऐफ़ साहिब भूतपूर्व अमीर जमाअत कज़ाकिस्तान, विंग कमांडर अब्दुर्रशीद साहिब, आदरणीया ज़ुबेदा बेगम साहिबा पत्नी करीम अहमद नईम साहिब आफ़ अमरीका और आदरणीय हफ़ीज़ अहमद घुमन साहिब का ज़िक्रे ख़ैर और नमाज़-जनाज़ा ग़ायब

ख़ुत्बः जुमअः सय्यदना अमीरुल मो'मिनीन हज़रत मिर्ज़ा मसरूर अहमद ख़लीफ़तुल मसीह पंचम अय्यदहुल्लाहो तआला बिनस्रिहिल अज़ीज़, दिनांक 22 अक्तूबर 2021 ई. स्थान - मस्जिद मुबारक इस्लामाबाद सिर्रे (यू.के)

أَشْهَدُ أَنْ لَّا إِلٰهَ إِلَّا اللّٰهُ وَحْدَهٗ لَا شَرِيكَ لَهٗ وَأَشْهَدُ أَنَّ مُحَمَّدًا عَبْدُهٗ وَ رَسُوْلُهٗ۔ أَمَّا بَعْدُ فَأَعُوْذُ بِاللّٰهِ مِنَ الشَّيْطٰنِ الرَّجِيْمِ۔ بِسْمِ اللّٰهِ الرَّحْمٰنِ الرَّحِيْمِ ۔ اَلْحَمْدُ لِلّٰهِ رَبِّ الْعَالَمِيْنَ۔ اَلرَّحْمٰنِ الرَّحِيْمِ ۔ مٰلِكِ يَوْمِ الدِّيْنِ ۔اِيَّاكَ نَعْبُدُ وَ اِيَّاكَ نَسْتَعِيْنُ۔ اِهْدِنَا الصِّرَاطَ الْمُسْتَقِيْمَ۔صِرَاطَ الَّذِيْنَ اَنْعَمْتَ عَلَيْهِمْ ۔ غَيْرِالْمَغْضُوْبِ عَلَيْهِمْ وَلَاالضَّآلِّيْنَ

पिछ्ले ख़ुतबा में मैं ने हज़रत उमर रज़ि की शहादत के अन्तर्गत हज़रत उबैदुल्लाह बिन उमर रज़ि और हज़रत उसमान रज़ि के आपसी उलझाओ का वर्णन किया था और जिस तरह वह रिवायत वर्णन की गई थी , यह भी बताया था कि एक रिवायत है, और अल्लाह बेहतर जानता है कहाँ तक यह सच्ची है ,कि उनकी आपस में लड़ाई हुई। इस बारे में और अधिक अनुसन्धान के बाद जो बातें सामने आई हैं वह भी वर्णन कर देता हूँ। एक जगह यह भी वर्णन मिला है कि हज़रत उबैदुल्लाह बिन उमर रज़ि जब हज़रत उसमान रज़ि से उलझे हैं तो उस वक़्त तक अभी हज़रत उसमान रज़ि ख़िलाफ़त के मस्नद पर फ़ाइज़ नहीं हुए थे। पहले भी वर्णन हो चुका है कि उबैदुल्लाह का इरादा था कि वह आज मदीना के किसी क़ैदी को ज़िन्दा नहीं छोड़ेंगे। मुहाजिरीन अव्वलीन उनके ख़िलाफ़ इकट्ठे हो गए और उन्हें रोका और उन्हें धमकी दी तो वह मुहाजिरीन को भी सम्मान में न लाए और उन्होंने कहा कि अल्लाह क़सम! मैं उन्हें अर्थात जितने भी क़ैदी हैं, ग़ुलाम हैं, ज़रूर क़तल करूँगा। यहां तक कि अमरो बिन आस रज़ि उनके साथ निरन्तर लगे रहे यहां तक कि उन्होंने तलवार अमरो बिन आस रज़ि के हवाले कर दी। फिर सअद बिन अबी वक़ास रज़ि समझाने के लिए उनके पास आए तो उनसे भी उबैदुल्लाह बिन उमर रज़ि ने लड़ाई की। जैसा कि वर्णन हुआ था कि हज़रत उसमान रज़ि से लड़ाई हुई और लोगों ने बीच बचाओ करवाया। इस अन्तर्गत यह वर्णन मिलता है कि जब यह घटना हुई तो अभी हज़रत उसमान रज़ि की बैअत नहीं की गई थी। अर्थात हज़रत उसमान रज़ि उस वक़्त तक ख़लीफ़ा मुंतख़ब नहीं हुए थे जैसा कि पहले भी वर्णन हो गया है।

(उद्धरित सीरत उमर फारूक़ रज़ि लेखख मुहम्मद रज़ा (अनुवादक़ पृष्ठ -342 343 प्रकाशन मकतबा इस्लामिया लाहौर 2010 ई)

इसी तरह यह भी इशारा मिलता है कि हज़रत उबैदुल्लाह को इस के बाद क़ैद भी कर लिया गया था। हज़रत उसमान रज़ि की बैअत के बाद जब ख़िलाफ़त पर आसीन हुए तो हज़रत उबैदुल्लाह को हज़रत उसमान रज़ि के सामने पेश किया गया तो अमीरुल मोमनीन ने मुहाजिरीन और अन्सार की एक जमाअत से सम्बोधित हो कर पूछा कि मुझे इस शख़्स के बारे में राय दो जिसने इस्लाम में उपद्रव डाला है। हज़रत अली बिन अबी तालिब रज़ि ने फ़रमाया कि इसे छोड़ना इन्साफ़ से दूर है, मेरी राय में इस को अर्थात उबैदुल्लाह बिन अमर रज़ि को क़तल करा देना चाहिए लेकिन कुछ मुहाजिरीन ने इस राय को असहनीय, शिद्दत और सख़्ती पर आधारित कहा और कहा कि कल उमर रज़ि क़तल किए गए और आज उनका बेटा क़तल कर दिया जाए। इस एतराज़ ने हाज़िरीन को दुखी कर दिया और हज़रत अली रज़ि भी ख़ामोश रहे लेकिन बहरहाल फिर हज़रत उसमान रज़ि ने चाहा कि हाज़िरीन में से कोई शख़्स इस नाज़ुक अवस्था से निकलने का कोई मार्ग निकाले, मश्वरा दे। हज़रत अमरो बिन आस रज़ि उस मजलिस में मौजूद थे। उन्होंने कहा कि अल्लाह ने आप को इस से माफ़ रखा है। यह उस वक़्त की बात है जब आप मसलमानों के अमीर नहीं थे और चूँकि यह घटना आप के ख़िलाफ़त के ज़माना में नहीं हुई इसलिए आप पर उस की कोई ज़िम्मेदारी आइद नहीं होती लेकिन हज़रत उसमान रज़ि उनकी इस राय से सन्तुष्ट नहीं हुए और बेहतर यही समझा कि ख़ून का बदला अदा किया जाए। अत: फ़रमाया: मैं इन कतल होने वालों का वली हूँ इसलिए ख़ून बहा निर्धारित कर के अपने माल से अदा करूँगा।

(उद्धरित सय्यदना हज़रत उमर फ़ारूक़ आज़म रज़ि लेखक मुहम्मद हुसैन हैकल अनुवादक़ ,पृष्ठ 882-881 प्रकाशन इस्लामी कुतुब ख़ाना लाहौर)

इस बारे में एक यह राय है

तारीख़ तबरी के अनुसार हज़रत उसमान रज़ि ने हज़रत उबैदुल्लाह को हर मिज़ान के बेटे के सपुर्द कर दिया था कि वह अपने बाप के बदले में क़िसास के रूप में क़तल कर दे लेकिन बेटे ने माफ़ कर दिया। हज़रत मुस्लेह मौऊद रज़ि ने इस घटना को वर्णन फ़रमाया है और एक मसला के हल के वर्णन में इस के विस्तार में लिखा है जो मैं एक पिछले ख़ुत्बा में वर्णन कर चुका हूँ परन्तु यहां वज़ाहत के लिए दोबारा वर्णन करता हूँ कि क्या मक़्तूल काफ़िर मुआहिद के बदले में मुस्लमान क़ातिल को सज़ा दी जा सकती है? मुआहिद काफ़िर के बदले में मुस्लमान क़ातिल को सज़ा दी जा सकती है कि नहीं?

हज़रत मुस्लेह मौऊद रज़ि फ़रमाते हैं कि तबरी में क़ुमज़ुबन बिन हुर्मज़ान अपने पिता की क़तल की घटना वर्णन करता है। हुर्मज़ान एक ईरानी धनी और मजूसी धर्म का था और हज़रत उमर रज़ि ख़लीफ़ा सानी के क़तल की साज़िश में सम्मलित होने की शंका उस पर की गई थी। इस पर बिना तहक़ीक़ जोश में आकर उबैदुल्लाह बिन उमर रज़ि ने इस को क़तल कर दिया। वह बेटा कहता है कि ईरानी लोग मदीना में एक दूसरे से मिलेजुले रहते थे जैसा कि नियम है कि दूसरे मुल्क में जाकर वतनियत स्पष्ट हो जाती है। एक दिन फ़िरोज़ क़ातिल जो हज़रत उमर रज़ि का था मेरे बाप से मिला और उसके पास एक ख़ंजर था जो दोनों तरफ़ से तेज़ किया हुआ था। मेरे बाप ने (यह हुर्मुज़ान का बेटा वर्णन कर रहा है कि मेरे बाप ने इस ख़ंजर को पकड़ लिया और इस से पूछा कि इस मुल्क में तो इस ख़ंजर से क्या काम लेता है अर्थात यह देश तो अमन का देश है। इस में हथियारों की क्या ज़रूरत है? उसने कहा कि मैं इस से ऊंट हँकाने का काम लेता हूँ। जब वे दोनों आपस में बातें कर रहे थे तो उस वक़्त किसी ने उनको देख लिया और जब हज़रत उमर रज़ि मारे गए तो उसने वर्णन किया कि मैंने ख़ुद हुर्मुज़ान को यह ख़ंजर फ़िरोज़ को पकड़ाते हुए देखा था। इस पर उबैदुल्लाह रज़ि हज़रत उमर रज़ि के छोटे बेटे ने जा कर मेरे बाप को क़तल कर दिया। जब हज़रत उसमान रज़ि ख़लीफ़ा हुए तो उन्होंने मुझे बुलाया और उबैदुल्लाह को पकड़ कर मेरे हवाले कर दिया और कहा कि यह मेरे बेटे ये तेरे बाप का क़ातिल है और तू हमारी तुलना में इस पर ज़्यादा

हक़ रखता है। अत: जा और इस को क़तल कर दे। मैंने उस को पकड़ लिया और शहर से बाहर निकला। रास्ता में जो शख़्स मुझे मिलता मेरे साथ हो जाता लेकिन कोई शख़्स मुक़ाबला न करता। वह मुझसे सिर्फ इतनी दरख़ास्त करते थे कि मैं उसे छोड़ दूं। अत: मैंने सब मुस्लमानों को सम्बोधित कर के कहा कि क्या मेरा हक़ है कि मैं उसे क़तल कर दूं? सबने जवाब दिया कि हाँ तुम्हारा हक़ है उसे क़तल कर दो, और उबैदुल्लाह को भला बुरा कहने लगे कि उसने ऐसा बुरा काम किया है। फिर मैंने पूछा कि क्या तुम लोगों को हक़ है कि उसे मुझसे छुड़ा लू? उन्होंने कहा कि हरगिज़ नहीं और फिर उबैदुल्लाह को बुरा-भला कहा कि उसने बिला सबूत उस के बाप को क़तल कर दिया। इस पर मैंने ख़ुदा और उन लोगों के लिए उस को छोड़ दिया और मुस्लमानों ने ख़ुशी और प्रसन्नता से मुझे अपने कंधों पर उठा लिया और ख़ुदा तआला की क़सम मैं अपने घर तक लोगों के सिरों और कंधों पर पहुंचा और उन्होंने मुझे ज़मीन पर क़दम तक नहीं रखने दिया। इस रिवायत से साबित है कि सहाबा का व्यवहार भी यही रहा है कि वे ग़ैर मुस्लिम के मुस्लिम क़ातिल को सज़ाए क़तल देते थे और ये भी साबित होता है कि चाहे किसी हथियार से कोई शख़्स मारा जाए वह मारा जाएगा। इसी तरह यह भी साबित होता है कि क़ातिल को गिरफ़्तार करने वाली और उस को सज़ा देने वाली हुकूमत ही है क्योंकि इस रिवायत से ज़ाहिर है कि उबैदुल्लाह बिन उमर रज़ि को गिरफ़्तार भी हज़रत उसमान रज़ि ने ही किया और इस को क़त्ल के लिए हुर्मुज़ान के बेटे के सपुर्द भी उन्होंने ही किया था। न हुर्मज़ान के किसी वारिस ने इस पर मुक़द्दमा चलाया और न गिरफ़्तार किया।

इस जगह हज़रत मुस्लेह मौऊद रज़ि फ़रमाते हैं कि इस शंका को दूर कर देना भी ज़रूरी है कि क़ातिल को सज़ा देने के लिए क्या मक़्तूल के वारिसों के सपुर्द करना चाहिए जैसा कि हज़रत उसमान रज़ि ने किया या ख़ुद हुकूमत को सज़ा देनी चाहिए। अत: याद रखना चाहिए कि यह मामला एक गौण मामला है इसलिए इस को इस्लाम ने हर ज़माना की ज़रूरत के अनुसार व्यवहार में लाने के लिए छोड़ दिया है। क़ौम अपने तमद्दुन और हालात के अनुसार जिस तरीक़ा को अधिख लाभदायक देखे धारण कर सकती है और इस में कोई शक नहीं कि ये दोनों तरीक़े ही ख़ास ख़ास अवस्था में लाभदायक होते हैं।

(उद्धरित तफ़सीर कबीर, भाग 2, पृष्ठ 359 से 361)

यह वज़ाहत करने के बाद अब मैं हज़रत उमर रज़ि की कुछ अन्य घटनाओं का वर्णन करता हूँ। वफ़ात के वक़्त हज़रत उमर रज़ि के विनय और विनय का क्या हाल था? इस बारे में उनके बेटे रिवायत करते हैं कि उन्होंने अपने बेटे को कहा कि मेरे कफ़न में मध्य मार्ग से काम लेना। अगर अल्लाह के पास मेरे लिए ख़ैर होगी तो मुझे इस से अच्छे लिबास से बदल देगा। अगर में इस के अतिरिक्त होऊंगा तो मुझसे छीन लेगा और छीनने में तेज़ी करेगा और यह भी कि मेरी क़ब्र के बारे में भी मध्य मार्ग से काम लेना। अगर अल्लाह के पास मेरे लिए इस में ख़ैर है तो इस को इतना बड़ा कर देगा जहां तक मेरी नज़र जाएगी और अगर में इस के अतिरिक्त हुआ तो वह उसे मुझ पर तंग कर देगा कि मेरी पसलियाँ टूट जाएँगी। और फिर मेरे जनाज़े के साथ किसी औरत को न लेकर जाना। मेरी ऐसी प्रशंसा न वर्णन करना जो मुझमें नहीं है क्योंकि अल्लाह मुझे ज़्यादा जानता है। और जब तुम मुझे ले जाने लगो तो चलने में भाग ी करना। अगर मेरे लिए अल्लाह के पास ख़ैर है तो तुम मुझे इस चीज़ की तरफ़ भेजते हो जो मेरे लिए ज़्यादा बेहतर है और अगर उस के सिवा हो तो तुम अपनी गर्दन से इस बुराई को टाल दोगे जो तुम उठाए हुए हो।

(अत्तबकातुल कुब्रा, भाग 3 पृष्ठ 273 दारुल कुतुब अल्इलमिया बेरूत1990 ई)

इसके इलावा यह भी वर्णन मिलता है कि हज़रत उमर रज़ि ने वसीयत की थी कि मुझे मुशक अर्थात कस्तूरी इत्यादि से ग़ुसल न देना।

(अत्तबकातुल कुब्रा, भाग 3 पृष्ठ 279 दारुल कुतुब अल्इलमिया बेरूत1990 ई)

हज़रत उसमान बिन अफ्फान रज़ि से रिवायत है कि मैं हज़रत उमर रज़ि के पास गया जब उनका सिर उनके बेटे हज़रत अब्दुल्लाह बिन उमर रज़ि की जांघ पर था। हज़रत उमर रज़ि ने उनको अर्थात हज़रत अब्दुल्लाह बिन उमर रज़ि को कहा कि मेरा चेहरा ज़मीन पर रख दो। हज़रत अब्दुल्लाह ने कहा मेरी जांघ और ज़मीन बराबर ही है अर्थात इस में दूरी ही कितनी है। हज़रत उमर रज़ि ने दूसरी या तीसरी बार कहा कि तेरा भला हो मेरा चेहरा ज़मीन पर रख दो। फिर आप (हज़रत उमर रज़ि ने अपनी टांगों को एक दूसरे के साथ मिला लिया। रावी कहते हैं कि फिर मैंने आप (हज़रत उमर रज़ि को कहते हुए सुना कि मेरी और मेरी माँ की हलाकत होगी अगर अल्लाह तआला ने मुझे न बख़्शा यहां तक कि आप की वफ़ात हो गई।

(अत्तबकातुल कुब्रा ,भाग 3 पृष्ठ 275-274 दारुल कुतुब अल्इलमिया बेरूत1990 ई)

हज़रत सिमाक हनफ़ी कहते हैं कि मैंने इब्न अब्बास रज़ि को यह कहते हुए सुना कि मैंने हज़रत उमर रज़ि से कहा अल्लाह ने आप के माध्यम से नए शहर आबाद किए और आप के माध्यम से बहुत सी विजय प्राप्त हुईं और आप के माध्यम से अमुक अमुक काम हुआ। इस पर हज़रत उमर रज़ि ने फ़रमाया कि मेरी तो तमन्ना है कि इस से ऐसे नजात पा जाऊं कि न मेरे लिए कोई बदला हो और न बोझ।

अर्थात इस बात पर फ़ख़र नहीं कि हाँ मैंने बड़े बड़े काम किए हैं और मेरे वक़्त में बड़ी विजय हुई हैं बल्कि अल्लाह तआला का ख़ौफ़ और ख़शीयत ग़ालिब रहे और अपनी आख़िरत की फ़िक्र थी।

ज़ैद बिन असलम अपने पिता से रिवायत करते हैं कि जब हज़रत उम्र रज़ि की वफ़ात का वक़्त क़रीब आया तो आप ने फ़रमाया तुम लोग इमारत के बारे में मुझ पर शक करते हो। ख़ुदा क़सम! मुझे तो यह पसंद है कि मैं इस तरह नजात पा जाऊं कि लिऐ لَا عَلَيَّ وَلَا لِي न मुझ पर कुछ अज़ाब हो और न मेरे लिए कोई सवाब या बदला हो।

(अत्तबकातुल कुब्रा ले इब्ने सअद भाग 3 पृष्ठ 267 वर्णन हजरत उम्र बिन अल्ख़त्ताब प्रकाशन दारुल कुतुब अल्इलमिया बेरूत 1990 ई)

हज़रत मुस्लेह मौऊद रज़ि इस बारे में फ़रमाते हैं कि "हज़रत उमर रज़ि जैसा इन्सान जिन्होंने अपनी सारी उम्र ही मिल्लत-ए-इस्लामिया के ग़म और फ़िक्र में घुला दी। जिन्होंने हर मौक़ा पर उच्च से उच्च क़ुर्बानी की मानो कर्म के लिहाज़ से उनकी क़ुर्बानियां हज़रत अबूबकर रज़ी अल्लाह अन्हो की क़ुर्बानियों तक न पहुँचीं लेकिन इरादा और नीयत के लिहाज़ से सबकी बराबर थीं। जब अबूबकर रज़ी अल्लाह अन्हो फ़ौत हुए तो हज़रत उम्र रज़ी अल्लाह अन्हो की आँखों से आँसू जारी हो गए और उन्होंने कहा ख़ुदा तआला अबूबकर रज़ी अल्लाह अन्हो पर बरकत करे मैंने कई बार कोशिश की कि उनसे बढ़ जाऊं मगर कभी कामयाब न हुआ। एक बार रसूल करीम सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने फ़रमाया माल लाओ तो मैं अपना आधा माल ले गया और ख़्याल किया कि आज मैं अबूबकर रज़ी अल्लाह अन्हो से बढ़ जाऊँगा मगर अबूबकर रज़ी अल्लाह अन्हो मुझसे पहले वहां पहुंचे हुए थे और रसूल करीम सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम का चूँकि उनसे रिश्ता भी था और जानते थे कि उन्होंने कुछ नहीं छोड़ा होगा इस लिए आप पूछ रहे थे अबू बकर रज़ि ! घर क्या छोड़ा? उन्होंने कहा घर में ख़ुदा और रसूल का नाम छोड़ा है। यह कह कर हज़रत उम्र रज़ी अल्लाह अन्हो रोते और फ़रमाते में उस वक़्त भी उनसे न बढ़ सका। हज़रत मुस्लेह मौऊद रज़ि फ़रमाते हैं यह उनकी क़ुर्बानियां थीं। हज़रत अबूबकर रज़ी अल्लाह अन्हो पहले भी देते रहते थे लेकिन जब ख़ास अवसर आया तो सब कुछ ला कर रख दिया। एक तरफ़ तो ये लोग थे और एक तरफ़ वे लोग हैं जिन्हें अपने माल के दसवें हिस्सा की क़ुर्बानी का भी अवसर नहीं मिलता और कहते हैं हम लुट गए। हज़रत उम्र रज़ी अल्लाह अन्हो जब फ़ौत होने लगे तो बार-बार उनकी आँखें गीली हो जातीं और कहते हे ख़ुदा तआला मैं किसी इनाम का अधिकारी नहीं हूँ। मैं तो सिर्फ यही चाहता हूँ कि सज़ा से बच जाऊं।

(ख़ुतबात महमूद, भाग 10 पृष्ठ 24)

फिर तदफ़ीन और जनाज़े के बारे में वर्णन होता है कि आप के बेटे हज़रत अव्दुल्लाह रज़ि ने आप को ग़ुसल दिया। हज़रत इब्न उम्र रज़ि से रिवायत है कि मस्जिद नबवी में हज़रत उमर रज़ि की नमाज़ जनाज़ा अदा की गई और हज़रत सुहैब रज़ि ने आपकी नमाज़ जनाज़ा पढ़ाई। आप की नमाज़ जनाज़ा रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के मिंबर और रौज़ा के दरमयान वाली जगह पर अदा की गई। हज़रत जाबिर रज़ि से रिवायत है कि हज़रत उमर रज़ि को क़ब्र में उतारने के लिए उसमान बिन अफ्फान रज़ि ,सईद बिन ज़ैद, सुहैब बिन सिनान और अब्दुल्लाह बिन उमर रज़ि थे।

(अत्तबकातुल कुब्रा ,भाग 3 ,पृष्ठ 279 से 281 फ़ी ज़िक्र इस्तख़लाफ़ उम्र, दारुल कुतुब अल्इलमिया बेरूत 1990 ई (उसदुल ग़ाबह फ़ी मारफ़तिस्सहाबा ,भाग 4, पृष्ठ 166 दारुल कुतुब अल्इलमिया, तृतीय प्रकाशन 2003 ई)

इनके इलावा हज़रत अली रज़ि, हज़रत अबदुर्रहमान बिन औफ़ रज़ि, हज़रत सअद बिन अबी वक़ास रज़ि और हज़रत तलहा रज़ि और हज़रत ज़ुबैर बिन

अवाम रिज़ का नाम भी आता है। (सय्यदना हज़रत उम्र फ़ारूक़ आज़म रज़ि लेखक मुहम्मद हुसैन हैकल , अनुवादक 868-867 इस्लामी कुतुब ख़ाना लाहौर) (अल-फ़ारूक़ लेखक शिबली नुअमानी, पृष्ठ 169 दारुल-इशाअत कराची 1991 ई)

हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम फ़रमाते हैं "सुलहा के पहलू में दफ़न भी एक नेअमत है। हज़रत उम्र रज़ी अल्लाह अन्हो के बारे में लिखा है कि मौत की बीमारी में उन्होंने हज़रत आईशा रज़ी अल्लाह अन्हा से कहला भेजा कि आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के पहलू में जो जगह है उन्हें दी जाए। हज़रत आईशा रज़ी अल्लाह अनहा ने कुर्बानी से काम लेकर वह जगह उनको दे दी तो फ़रमाया। مَا بَقِيَ لِيْ هَمٌّ بَعْدَ ذٰلِكَ। अर्थात इस के बाद अब मुझे कोई ग़म नहीं जबकि मैं आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के रौज़ा में मदफ़ून हूँ।

(मल्फ़ूज़ात, भाग 8 पृष्ठ 286)

एक और जगह हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस-सलाम फ़रमाते हैं कि " जो शख़्स बकमाल शौक़ अल्लाह के दामन से जुड़ जाता है तो वह उसे हरगिज़ नष्ट नहीं करता चाहे दुनिया-भर की हर चीज़ उस की दुश्मन हो जाए। और अल्लाह का अभिलाषी किसी नुक़्सान और तंगी का मुँह नहीं देखता। और अल्लाह सादिक़ों को बिना सहायता तथा सहायक के नहीं छोड़ता। अल्लाहु-अकबर इन दोनों (अबू बकर रज़ि और उमर रज़ि के सिदक़-ओ-ख़ुलूस की क्या बुलंद शान है वे दोनों ऐसे (मुबारक मदफ़न में दफ़न हुए कि अगर मूसा और ईसा ज़िन्दा होते तो रशक से वहां दफ़न होने की तमन्ना करते लेकिन यह स्थान केवल इच्छा से तो नहीं प्राप्त हो सकता और न केवल इच्छा से प्रदान किया जा सकता है बल्कि यह तो इज़्ज़त वाले अल्लाह की तरफ से से एक स्थायी रहमत है और यह रहमत केवल उन्हीं लोगों की तरफ़ रुख़ करती है जिनकी तरफ़ अल्लाह की इनायत होती हो।

(सिर्रुल् ख़िलाफ़ा , रुहानी ख़ज़ाइन, भाग 8 पृष्ठ 346 उर्दू अनुवाद सिर्रुल् ख़िलाफ़ा , पृष्ठ 78)

हज़रत मुस्लेह मौऊद रज़ी अल्लाह तआला अन्हो वर्णन करते हैं कि "जब हज़रत उम्र रज़ी अल्लाह अन्हो फ़ौत होने लगे तो उन्होंने इस बात के लिए बड़ी तड़प ज़ाहिर की कि आप को रसूल करीम सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के क़दमों में दफ़न होने की जगह मिल जाए। अत: उन्होंने हज़रत आईशा रज़ी अल्लाह अन्हा से कहला भेजा कि अगर इजाज़त दें तो मुझे आप के पहलू में दफ़न किया जाए। हज़रत उमर रज़ि वह इन्सान थे जिनके बारे ईसाई इतहिासकार भी लिखते हैं कि उन्होंने ऐसी हुकूमत की जो दुनिया में और किसी ने नहीं की। वे रसूल करीम सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम को गालियां हैं " अर्थात ईसाई इतिहासकार " परन्तु हज़रत उम्र रज़ी अल्लाह अन्हो की प्रशंसा करते हैं। ऐसी प्रशंसा हरवक़त की संहबत में रहने वाला मरते वक़्त यह इच्छा रखता है कि रसूले करीम सल्लल्लाहो के क़दमों में"जो आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम की सोहबत में रहा मरते वक़्त भी यह हसरत करता है कि "रसूले करीम सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के क़दमों में उसे जगह मिल जाए। अगर रसूल करीम सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के किसी कर्म से भी यह बात ज़ाहिर होती कि आप ख़ुदा की रज़ा के लिए काम नहीं करते तो क्या हज़रत उमर रज़ि जैसा इन्सान इस स्तर को पहुंच कर कभी यह इच्छा करता कि आप के क़दमों में जगह पाए।"

(दुनिया का मुहसिन,अनवारुल उलूम, भाग 10 पृष्ठ 262)

अत: यह आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम का स्थान है जिसके कारण से हज़रत उमर रज़ि की भी इच्छा हुई कि आप के क़दमों में जगह पाए।

हज़रत उमर रज़ि की वफ़ात

हज़रत उमर रज़ि की वफ़ात के वक़्त क्या उम्र थी? इस बारे में भी विभिन्न राय हैं। जन्म के सन के अनुसार विभिन्न रिवायते हैं। इसलिए आप की वफ़ात के समय उम्र के बारे में विभिन्न बातें हैं। अत: तारीख़ तबरी, उसदुल ग़ाबह, अलबदाया वन्नहाया, रियाज़ अन्नज़र, तारीख़ुल ख़ुलफ़ा की विभिन्न रिवायतों में आप की उम्र 53 साल, 55 साल, 57 साल, 59 साल, 61 साल, 63 साल और 65 साल वर्णन हुई है।(तारीख़ अत्तिबरी अनुवाद ,भाग 3 हिस्सा पृष्ठ 211 प्रकाशन दारुल-इशाअत कराची 2003 ई)(उसदुल ग़ाबह , भाग 4 पृष्ठ 166 प्रकाशन दारुल कुतुब अल्इलमिया बेरूत)(अलबिदाया वन्नहाया भाग 8, पृष्ठ 192 से 194 प्रकाशन दार हिज्र 1998 ई (रियाज़ अन्नज़र, पृष्ठ 419-418 दारुल कुतुब अल्इलमिया बेरूत) (तारीख़ुल ख़लफ़ा लेखक इमाम जलालुद्दीन सेयूती (अनुवाद पृष्ठ 168 मुमताज़ अकैडमी लाहौर)

अलबत्ता सही मुस्लिम और तिरमिज़ी की रिवायत के अनुसार आप की उम्र तरेसठ साल वर्णन की गई है। हज़रत अनस बिन मालिक रज़ि से रिवायत है कि वफ़ात के वक़्त रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम की उम्र 63 वर्ष थी। हज़रत अबूबकर रज़ि की वफ़ात के वक़्त उम्र 63 बरस थी और हज़रत उमर रज़ि की भी वफ़ात के वक़्त उम्र 63 बरस थी। (सही मुस्लिम, किताबुल फ़ज़ाइल, बाब कम सिन उन्नबी यौम क़बज़, हदीस 6091)(सुनन अत्तिरमज़ी, किताबुल मनाकिब, बाब फ़ी सुंन उन्नबी (सल.) कम कान हीन मात, हदीस 3653)

हज़रत उमर रज़ि की वफ़ात पर कुछ सहाबा किराम के तास्सुरात के बारे में ये वर्णन हुआ है। हज़रत इब्न अब्बास रज़ि वर्णन करते हैं कि हज़रत उमर रज़ि का मुबारक शरीर जनाज़े के लिए रखा गया और लोग उनके पास खड़े हो गए। उनके उठाने से पहले दुआ करने लगे। फिर नमाज़ जनाज़ा पढ़ने लगे और मैं भी उनमें मौजूद था तो एक शख़्स ने मेरा कंधा पकड़ कर चौंका दिया। क्या देखता हूँ कि हज़रत अली बिन अबू तालिब रज़ि हैं। आप ने हज़रत उमर रज़ि के लिए रहमत की दुआ की और कहा कि आप ने कोई ऐसा शख़्स नहीं छोड़ा जो आप से बढ़कर मुझे इस लिहाज़ से प्यारा हो कि मैं इस के कर्मों जैसे कर्म करते हुए अल्लाह से मिलूं। ख़ुदा की क़सम मैं यही समझता था कि अल्लाह आप को भी आप के साथियों के साथ ही रखेगा अर्थात हज़रत उमर रज़ि को भी आप के साथियों के साथ ही रखेगा और मैं जानता हूँ कि नबी करीम सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम से बहुत बार मैं यह सुना करता था, आप फ़रमाया करते थे कि ذَهَبْتُ أَنَا وَأَبُوْ بَكْرٍ وَعُمَرُ، وَدَخَلْتُ أَنَا وَأَبُوْ بَكْرٍ وَعُمَرُ، وَخَرَجْتُ أَنَا وَأَبُوْ بَكْرٍ وَعُمَرُ۔ मैं और अबू बकर और उमर गए। मैं और अबू बकर और उमर दाख़िल हुए। मैं और अबूबकर और उमर निकले

(सही अलबख़ारी ,किताबुल फ़ज़ाइल अस्सहाब उन्नबी बाब मनाक़िब उम्र बिन अल्ख़त्ताब ,हदीस 3685)

अर्थात विभिन्न घटनाएं वर्णन करते हुए आप ने यह वाक्य फ़रमाया करते थे

जाफ़र बिन मुहम्मद अपने पिता से रिवायत करते हैं कि जब हज़रत उम्र बिन ख़ताब रज़ि को ग़ुसल और कफ़न दे दिया गया और आप को चारपाई पर रख दिया गया तो हज़रत अली रज़ि ने उनके पास खड़े हो कर आप की प्रशंसा फ़रमाई और कहा अल्लाह की क़सम! मुझे इस चादर में ढके हुए इन्सान से ज़्यादा सारी धरती पर पर कोई शख़्स पसंद नहीं कि मैं इस के नामा आमाल के साथ ख़ुदा से मिलूं।

(अत्तबकातुल कुब्रा ले इब्ने सअद भाग 3, पृष्ठ 282 वर्णन हज़रत उम्र बिन अल्ख़त्ताब प्रकाशन दारुल कुतुब अल्इलमिया बेरूत 1990 ई)

अबू मख़्लद से रिवायत है कि हज़रत अली इब्न अबी तालिब रज़ि ने फ़रमाया कि रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम फ़ौत नहीं हुए थे कि हमने जान लिया कि रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के बाद अबू बकर रज़ि हम में अफ़ज़ल हैं और हज़रत अबू बकर रज़ि फ़ौत नहीं हुए थे कि हमने जान लिया कि हज़रत अबू बकर रज़ि के बाद हम में हज़रत उमर रज़ि सबसे अफ़ज़ल हैं।

(सीरत उम्र बिन अल्ख़त्ताब लेखक इब्न जोज़ी ,पृष्ठ 212 मकतबा मिसरिया अल-अज़हर)

ज़ैद बिन वह्ब वर्णन करते हैं कि हम हज़रत अब्दुल्लाह बिन मसूद रज़ि के पास आए। आप हज़रत उमर रज़ि का वर्णन करते हुए इतना रोया कि आप के आँसू गिरने से कंकर भी तर हो गए। फिर आप ने कहा हज़रत उमर रज़ि इस्लाम के लिए मज़बूत क़िला थे। लोग इस में दाख़िल होते और बाहर न निकलते। एक मज़बूत क़िला थे लोग इस में दाख़िल होते और बाहर न निकलते। जब आप की वफ़ात हुई तो इस क़िला में दराड़ पड़ गई और लोग इस्लाम से निकल रहे हैं।

(अत्तबकातुल कुब्रा, भाग 3पृष्ठ 283 दारुल कुतुब अल्इलमिया बेरूत लबनान 1990 ई)

इर्शाद हज़रत अमीरुल मोमिनीन

"अपनी इबादतों को भी विशेष करें और दुनिया को भी इस्लाम की वास्तविक शिक्षा से अवगत कराएं।"

(ख़ुत्बा जुम्अः 17 मई 2019)

तालिबे दुआ

KHALEEL AHMAD

S/O LATE HAJI BASHEER AHMAD SB AND FAMILY, JAMAAT AHMADIYYA BIJUPURA, SAHARANPUR (U.P)

अब्बू वायल से रिवायत है कि हज़रत अब्दुल्लाह बिन मसूद रज़ि ने कहा कि अगर हज़रत उमर रज़ि का इलम तराज़ू के एक पलड़े में रखा जाए और बाक़ी समस्त इन्सानों का इलम दूसरे पलड़े में तो हज़रत उमर रज़ि का पलड़ा भारी होगा। अबू वायल ने कहा कि मैंने उस का वर्णन इब्राहीम से किया तो उन्होंने कहा ख़ुदा की क़सम ऐसा ही है। अब्दुल्लाह बिन मसूद रज़ि ने इस से भी बढ़कर कहा कि मैंने पूछा क्या कहा है? उन्होंने कहा कि जब हज़रत उमर रज़ि की वफ़ात हो गई तो उन्होंने यह कहा कि इलम के दस में से नौ हिस्से जाते रहे।

(उसदुल ग़ाबह फ़ी मारफ़तिस्सहाबा ,भाग 3 पृष्ठ 651 उम्र बिन अल्ख़त्ताब रज़ि ,प्रकाशन दारुल फिक्र बेरूत 2003 ई)

हज़रत अनस रज़ि ने कहा कि जब हज़रत उम्र बिन ख़ताब रज़ि की शहादत हुई तो हज़रत अबू तलहा रज़ि ने कहा अरब में कोई शहरी या बदवी घर ऐसा नहीं मगर उसके घर को हज़रत उमर रज़ि की शहादत से नुक़्सान पहुंचा है। (अत्तबकातुल कुब्रा ,भाग 3 पृष्ठ 285 वर्णन इस्तिख़लाफ़ उम्र, दारुल कुतुब अल्इलमिया बेरूत लुबनान 1990 ई) अर्थात हर एक की इतनी मदद करते थे कि यक़ीनन उनको नुक़्सान पहुँचेगा। ये लोग प्रभावित होंगे।

हज़रत अब्दुल्लाह बिन सलाम रज़ि ने हज़रत उमर रज़ि के जनाज़े के बाद हज़रत उमर रज़ि की चारपाई के पास खड़े हो कर कहा हे उमर रज़ि आप क्या ही उत्तम इस्लामी भाई थे। हक़ के लिए दाता और बातिल के लिए कंजूस थे। रज़ामंदी के इज़हार के वक़्त आप राज़ी होते और ग़ुस्सा के वक़्त आप ग़ुस्सा करते। पाक नज़र और खुले दिल वाले थे। न व्यर्थ प्रसंसा करने वाले थे और न ही ग़ीबत करने वाले थे।

(अत्तबकातुल कुब्रा ले इब्ने सअद भाग 3, पृष्ठ 282 वर्णन हजर उम्र बिन अल्ख़त्ताब, प्रकाशन दारुल कुतुब अल्इलमिया बेरूत लुबनान 1990 ई)

एक रिवायत में है कि जब हज़रत उमर रज़ि की वफ़ात पर हज़रत सईद बिन ज़ैद रज़ि रोए तो किसी ने कहा हे अबुल अअवर आप क्यों रोते हैं? उन्होंने कहा मैं इस्लाम पर रोता हूँ। यक़ीनन हज़रत उमर रज़ि की वफ़ात से इस्लाम में ऐसा रख़्ना पैदा हो गया है जो क़यामत तक भरेगा नहीं ।

(अल्कुब्रा, भाग 3 पृष्ठ 284 दारुल कुतुब अल्इलमिया बेरूत लबनान 1990 ई)

हज़रत इब्न-ए-उम्र वर्णन करते हैं कि रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम की ज़िंदगी में हम लोग कहा करते थे कि नबी सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम की उम्मत में आप के बाद सबसे अफ़ज़ल हज़रत अबूबकर हैं। फिर हज़रत उम्र, फिर हज़रत उसमान हैं रज़ी अल्लाह अन्हुम।

(सुनन अबी दाऊद ,किताबुस्सुन्नत ,बाब अत्तफ़ज़ील ,हदीस 4628)

हज़रत हज़ैफ़ह रज़ि ने कहा कि हज़रत उमर रज़ि के दौर में इस्लाम की मिसाल उस शख़्स की तरह थी जो मुसलसल तरक़्क़ी की राह पर चलता था। जब आप की शहादत हो गई तो वह पीठकी तरफ फिर गया और निरन्तर पीछे जाता जा रहा है।

(अत्तबकातुल कुब्रा ,भाग 3 पृष्ठ 285 वर्णन इस्तिख़लाफ़ उम्र, दारुल कुतुब अल्इलमिया बेरूत लबनान 1990 ई)

हज़रत उमर रज़ि की पत्नियों और औलाद के बारे में वर्णन हुआ है कि आप की विभिन्न समयों में दस बीवियां थीं जिनमें से नौ बेटे और चार बेटियां हुईं। उनमें से एक हज़रत हफ़सा रज़ी अल्लाह अन्हा हैं जिन्हें आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम की पत्नी बनने का सौभाग्य मिला। हज़रत ज़ैनब बिन्त मज़ावन रज़ि पहली थीं। यह हज़रत उसमान बिन मज़ावन रज़ि की बहन थीं। उनसे आपकी औलाद अब्दुल्लाह, अब्दुर्रहमान अकबर और हज़रत हफ़सा रज़ि हैं। हज़रत उम्मे कुलसूम बिन्त अली बनि अबूतालिब उनसे आप की औलाद ज़ैद अकबर और रुक़य्या हैं। मुलैक़ा बिन्त जरवल उनको उम्मे कुलसूम भी कहते हैं। उनसे आप की औलाद ज़ैद असग़र और उबैदुल्लाह हैं। कुरैबह बिन्त अबू उमय्या मख़्ज़ूमी चूँकि मुलैक़ा और क़ुरैबह ईमान नहीं लाई थीं इसलिए हज़रत उमर रज़ि ने छः हिज्री में इन दोनों को तलाक़ दे दी थी। हज़रत जमीला बिन्त साबित उनका नाम आसिया था आं हुज़ूर सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने तबदील कर के जमीला रख दिया था। यह बदरी सहाबी आसिम बिन साबित की बहन थीं। उनसे आपकी औलाद आसिम हैं। लहुय्यह से आपकी औलाद अब्दुर्रहमान रज़ि हैं। एक और आप की बीवी के बारे में कहा जाता है कि उम्मे वलद हैं अर्थात कि वह लौंडी जिससे शादी की जाती है। इस की औलाद हो तो वह आज़ाद हो जाती है। एक और उम्मे वलद थीं जिनके गर्भ से अब्दुर्रहमान असग़र पैदा हुए। हज़रत उम्मे हकीम बिन्त हारिस से आप की औलाद फ़ातिमा थीं। फ़ुकेहा से आप की औलाद ज़ैनब थीं। हज़रत आतका बिन्त ज़ैद इन से आपकी औलाद अयज़ है।

(अलख़ुलफ़ा अर्रशदून लेखक मुहम्मद रज़ा ,पृष्ठ 100 प्रकाशन दारुल-किताब अलअरबी बेरूत 2004 ई) (अल-फ़ारूक़ लेखक शिबली नुअमानी, पृष्ठ 404 प्रकाशन दारुउल-इशाअत कराची1991 ई)(उसदुल ग़ाबह ,भाग 7 पृष्ठ 53 दारुल कुतुब अल्इलमिया बेरूत लुबनान 2003 ई)

मशहूर मुस्तश्रिक़ ऐडवर्ड गिबन हज़रत उमर रज़ि की प्रशंसा में लिखता है कि हज़रत उमर रज़ि की परहेज़गारी और विनम्रता हज़रत अबू बकर रज़ि की नेकियों से कम न थी। आप के खाने में जौ की रोटी और खजूरें ही होती थीं। पानी आप का पीना वाली वस्तु थी। आप ने लोगों को तब्लीग़ की इस हाल में कि आप का लिबास बारह जगहों से फटा हुआ था। ईरानी गवर्नर जिन्होंने इस फ़ातिह को ख़िराज-ए-अक़ीदत पेश किया उन्होंने आप को मस्जिद नबवी की सीढ़ीयों पर फ़क़ीरों के साथ सोते देखा। अर्थ व्यवस्था स्रोत होती है आज़ाद विचारों का और आय में वृद्धि के कारण उमर रज़ि इस योग्य हुए कि मख़लसीन की भूतकाल और वर्तमान की सेवाओं के कारण उन के लिए वज़ीफ़ा का मुंसिफ़ाना और स्थायी निज़ाम क़ायम कर सकें। अपने वज़ीफ़ा से बेनयाज़ थे। आप ने अब्बास (नबी सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के चाचा के लिए सबसे पहला और ज़रूरत के लिए काफ़ी पच्चीस हज़ार दिरहम या चांदी के टुकड़े वज़ीफ़ा निर्धारित किया। जंग बदर में शामिल होने वाले बुज़ुर्ग सहाबा में से हर एक के लिए पाँच हज़ार दिरहम का वज़ीफ़ा निर्धारित किया। मुहम्मद सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के अन्य सहाबा को सालाना इनाम के तौर पर तीन हज़ार चांदी के टुकड़ों से नवाज़ा गया।

(The decline and fall of the Roman empire. by Edward Gibbon. vol. 3 chapter LI. page 178. London)

माईकल ऐच हार्ट ने अपनी किताब The Hundred में इतिहास की सौ प्रभावकारी शख़्सियात का वर्णन किया है और पहले नम्बर पर हज़रत मुहम्मद मुस्तफ़ा सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम को लिया है और इस किताब में 52 वें नंबर पर हज़रत उम्र रज़ी अल्लाह तआला अन्हो का वर्णन किया है। यह लिखता है कि उम्र बिन ख़त्ताब मुस्लमानों के दूसरे ख़लीफ़ा और शायद मुस्लमानों के सबसे महानतम ख़लीफ़ा थे। आप मुहम्मद सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के नौजवान हमअसर और इन्हीं की तरह मक्का में पैदा हुए थे। आप की पैदाइश का साल मालूम नहीं शायद 586 ई के क़रीब का ज़माना था। आरम्भ में उमर मुहम्मद सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के और आप के नए धर्म के सबसे बड़े दुश्मनों में से थे परन्तु अचानक उमर रज़ि ने इस्लाम क़बूल कर लिया और इसके बाद उस के मज़बूत तरीन समर्थकों में से हो गए। सेंट पाल के ईसाई होने से इस की समानता हैरान करने वाली है। उमर रज़ि भी मुहम्मद सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के क़रीब तरीन परामर्श देने वालों में से हो गए और आपकी वफ़ात तक ऐसे ही रहे।

632 ई में मुहम्मद सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम बिना अपना जांनशीन नामज़द किए फ़ौत हो गए। उमर रज़ि ने शीघ्र अबू बकर रज़ि के ओहदा ख़िलाफ़त के लिए समर्थन किया की जो रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के क़रीबी साथी और ख़ुसर थे जिसके कारण से इक़तिदार की कश्मकश टल गई। यह तो अपने अंदाज़ में लिख रहा है और यह स्वीकार करने को तैयार नहीं कि किस तरह लोगों ने इकट्ठे होकर आप को ख़लीफ़ा चुन लेकिन बहरहाल दुनियावी नज़र से देखते हुए कहता है कि उनके ख़ुसर की बैअत कर ली जिसके कारण से इक़तिदार की कश्मकश टल गई और इस से अबू बकर रज़ि इस योग्य हुए कि उनको आम तौर पर पहला ख़लीफ़ा माना गया अर्थात कि मुहम्मद सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम का जांनशीन। अबू बकर रज़ि एक कामयाब मार्गदर्कन थे लेकिन वह सिर्फ दो साल तक ख़लीफ़ा के तौर पर सेवा करने के बाद फ़ौत हुए। अलबत्ता उन्होंने अपने बाद मुईन तौर पर उमर रज़ि को अपना जांनशीन नामज़द किया। उमर रज़ि नबी करीम सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के ख़ुसर थे इस वजह से एक बार फिर इक़तिदार की जंग टल गई। फिर यह उस को दुनियावी रँग देना चाहता है। लेकिन प्रशंसा बहरहाल कर रहा है। उम्र 634 ई में ख़लीफ़ा बने और 644 ई तक इक़तिदार अर्थात ख़िलाफ़त में रहे जब उन्हें एक फ़ारसी ग़ुलाम ने मदीना में शहीद कर दिया। मृत्यु के बिस्तर पर उमर रज़ि ने छः लोगों की एक कमेटी को मुक़र्रर किया जो

उनका जांनशीन चुन लें और इस बार एक बार फिर मुसल्लह इक़तिदार की जंग को टाल दिया। इस कमेटी ने उसमान रज़ि को तीसरा ख़लीफ़ा निर्धारित किया जिन्होंने 644 से 656 ई तक हुकूमत की।

फिर यह लिखता है कि यह हज़रत उमर रज़ि का ही दस साला ख़िलाफ़त का दौर था जिसमें अरबों ने सबसे प्रमुख विजय प्राप्त कीं। आप की ख़िलाफ़त के थोड़े समय ही में अरब फ़ौज ने शाम और फ़लस्तीन पर हमला किया जो उस वक़्त बाज़ नितीनी सलतनत का हिस्सा थे। जंग यरमौक 636 ई में अरबों ने बाज़नितीनी फ़ौजों के ख़िलाफ़ ऐसी फ़तह हासिल की जिससे उनकी कमर टूट गई। दमिशक़ भी इसी साल फ़तह हुआ और यरूशलम ने भी दो साल बाद हथियार डाल दिए। 641 ई तक अरब समस्त फ़िस्तीन और शाम को फ़तह कर चुके थे और मौजूदा दौर के तुर्की में पेशक़दमी कर रहे थे। 639 ई में अरब फ़ौजें मिस्र में दाख़िल हो गईं जो कि बाज़नितीनी हुकूमत के ही अधीन था। तीन साल के अंदर अंदर अरब मुकम्मल तौर पर मिस्र पर फ़तह पा चुके थे। इराक़ पर अरबों के हमले जो उस वक़्त फ़ारसियों की सासानी सलतनत का एक हिस्सा था वह हज़रत उमर रज़ि के मस्नद ख़िलाफ़त पर फ़ाइज़ होने से भी पहले शुरू हो चुके थे। अरबों की प्रमुख फ़तह जंग क़ादसिया 637 ई में कामयाबी की सूरत में हज़रत उमर रज़ि के दौर-ए-ख़िलाफ़त में हुई। 641 ई तक तमाम इराक़ अरबों के क़ब्ज़ा में आ चुका था और यहीं पर बस नहीं, अरब फ़ौजों ने फ़ारस पर भी हमला कर दिया था और नहाविंद के युद्ध में 642 ई ईसवी में उन्होंने आख़िरी सासानी बादशाहों की फ़ौजों को फ़ैसलाकुन शिकस्त दे दी थी

